# मौज-मस्ती और शोक पूरे करने के लिये पेट्रोलपंप कर्मी को लूटा था

## पूर्व कर्मी ही निकला लूट का मास्टरमाइंड, चार लुटेरे गिरफ्तार

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शाहपुरा जिले के कोटड़ी कस्बे में मंगलवार दोपहर हुई पेट्रोलपंप कर्मी के साथ लूट का पुलिस ने 20 घन्टे में खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड सहित चार जनों को गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में पेट्रोलपंप का पूर्व कर्मचारी ही मुख्य आरोपी निकला, जिसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रकम जमा कराने जा रहे युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया।

कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक श्याम सुंदर विश्नोई ने बताया कि कस्बे के जहाजपुर रोड स्थित रायबुधमल पैट्रोल पम्प के मालिक श्रीकल्याण आचार्य ने रिपोर्ट दी कि उसके पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन महेंद्र गुर्जर 4 लाख 97 हजार रुपये नकद लेकर बैंक में जमा करवाने जा रहा था, इसी बीच नेहरू नगर स्थित पुलिया के आगे बाइक सवार दो युवकों ने बाइक की टंकी पर रखा बैग छीन लिया और लूट की घटना को अंजाम देकर भाग निकले। महेंद्र ने मालिक को सूचना दी तो तुरन्त पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई और शहापुरा सहित भीलवाड़ा जिले में नाकेबंदी करवा दी गई।

कर्मचारी द्वारा बताए हुलिए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश



पुलिस ने वारदात का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड सहित चार जनों को गिरफ्तार किया।

के लिए तीन अलग अलग टीमें गठित कर अलग-अलग स्थानों के लिए रवाना की गई। दौरान अनुसंधान पेट्रोलपंप के कमर्चारियों को भी संदेह के आधार पर थाने बुलाया गया।

उनकी भी कॉल डिटेल्स आदि खंगाली गई तो पेट्रोल पम्प के कर्मचारी किशन पिता शंकर दरोगा निवासी भगवानपूरा पर शंका हुई। उसे हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की तो उसने कबूल किया कि पूर्व में पेट्रोलपंप पर काम कर चुके देवराज पिता रणजीत दरोगा निवासी शीतला माता की गली कोटड़ी ने लूट की योजना बनाई, देवराज को पुलिस ने थाने लाकर पूछताछ की तो सामने आया कि कस्बा निवासी विकास उर्फ शानू पिता नरेश उर्फ मंगल दाधीच व सदर थाने के रिछडा गांव निवासी मनोज पिता गिरधारी नायक ने लूट की घटना को अंजाम दिया। इस पर पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की।

इस दौरान सूचना मिली कि दोनों युवक जोगणिया माता में देखे गए इसपर देर रात सीओ श्याम सुंदर मय टीम जोगणिया माता पहुंच गए जहां उन्होंने जानकारी जुटाई तो दोनों एक होटल में कमरा किराया पर लेकर शराब पार्टी कर रहे थे। पुलिस दोनों

- **पेट्रोल पंप पर कार्यरत सेल्समैन से 4.97 लाख रुपये लूटे थे**

को पकड़ कर थाने ले आई। उधर लूट की राशि भी पुलिस बरामद करने में सफल रही है। पुलिस ने चारो आरोपियों को गिरफ्तार कर 20 घंटे में ही वारदात का खुलासा कर दिया।

**मौज मस्ती के लिए दी लूट की घटना को अंजाम :-** पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ ने आरोपियों ने कबूल किया की कि पंप कर्मचारी से लूटे गए रुपये को मौज-मस्ती और शोक पूरे करने के उद्देश्य से लूट की घटना को अंजाम दिया गया आरोपी नशेड़ी व सोशल मीडिया पर डॉन बनने का सपना देख रहे थे।

**विकास ने कोटड़ी श्याम मन्दिर से भी चुराए थे रुपए :-** लूट की घटना को अंजाम देने वाला एक आरोपी विकास उर्फ शानू पिता नरेश उर्फ मंगल दाधीच के खिलाफ 2020 में कोटड़ी चारभुजा नाथ की दानपेटी से रुपए चुराने का मामला दर्ज है ,अमावस्या के दिन पेटी से रुपयों की गिनती करते समय उसने 2 हजार रुपये के नोटो की गड्डी चुराई थी।

# चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार



दौसा में सदर थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोह के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**दौसा, (निसं)।** जिले की थाना सदर पुलिस ने सूने मकानों में चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश कर दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में इन्होंने जयपुर, भीलवाड़ा दूदू और दौसा शहर और कस्बों में चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है।

एसपी वन्दिता राणा ने बताया कि पुलिस ने कुरुक्षेत्र हरियाणा निवासी आरोपी राजू पुत्र जसपाल जट सिख (45) और शिमलापुरी लुधियाना निवासी जसवीर उर्फ जस्सू पुत्र प्रीतम जटसिख (55) को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी शहरों और कस्बों के बाहरी इलाकों में बने मकानों की रैकी कर वारदात को अंजाम दिया करते हैं।

- **राजस्थान में जयपुर, शाहपुरा, दूदू, भीलवाड़ा व दौसा और हरियाणा में वारदात करना कबूला**

दोनों से पुलिस की टीम अन्य घटनाओं के संबंध में गहनता से अनुसंधान कर रही है। एसपी राणा ने बताया कि 1 जून को थाना सदर इलाके के गोवर्धन वाटिका निवासी कमलेश कसाना के सुने पड़े मकान से अज्ञात चोर दिन में ताले तोड़ सोने चांदी के जेवर, डेढ़ लाख रुपए नगद और अन्य जरूरी दस्तावेज चोरी कर ले गये थे। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिए एडिशनल एसपी बजरंग सिंह शेखावत व सीओ कालूराम मीणा के सुपरविजन एवं एसएचओ गौरव प्रधान के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

परिवादी के मकान के सीसीटीवी फुटेज और अभय कमांड के कैमरों की फुटेज का विश्लेषण कर वारदात में प्रयुक्त हरियाणा नंबर की गाड़ी को चिन्हित कर इस दिशा में अनुसंधान को आगे बढ़ाया। गाड़ी के क्रेता व विक्रेता से पूछताछ कर मुलजिमों को चिन्हित किया। आरोपियों द्वारा पूर्व वारदातों में प्रयुक्त मोबाइल नंबर प्राप्त कर साइबर सेल की मदद से वारदात का खुलासा कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## असंतुलित होकर पलटी पिकअप, दो जने घायल

**निवाई, (निसं)।** जयपुर से बीगोद जिला भीलवाड़ा जा रही एक पिकअप का अचानक टायर फट गया जिससे पिकअप होकर पलट गई। इस दुर्घटना में पिकअप में सवार दो जने घायल हो गए।

घटना की सूचना लोगों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। निवाई थाना हेड कांस्टेबल सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि जयपुर से चावल के कट्टे भरकर बीगोद जिला भीलवाड़ा जा रही एक पिकअप का अचानक टायर फट गया जिससे पिकअप असंतुलित होकर पलट गई। जिससे पिकअप में सवार दो जने घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की सहायता से प्राथमिक उपचार के लिए राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल मदन खटीक पुत्र रामजी खटीक व मोहम्मद अली पुत्र अहमद हुसैन अली दोनों निवासी निवासी भीगोद तहसील मांडलगढ़ भीलवाड़ा का प्राथमिक उपचार किया गया। इस दौरान गंभीर रूप से घायल मदन खटीक की चिंताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उसे जयपुर रैफर किया।

# मालपुरा को नहीं मिली जिले की सौगात

## आमजन में फूटा गुस्सा, जिला नहीं तो वोट नहीं की जमकर नारेबाजी की

**मालपुरा, (निसं)।** बुधवार को सीएम अशोक गहलोत की अध्यक्षता में हुई केबिनेट की अंतिम बैठक में मालपुरा को जिला बनाने की सौगात नहीं मिलने से आमजन में कांग्रेस सरकार के प्रति गहरा आक्रोष देखा गया। वहीं 182 दिन से एसडीएम आवास के सामने अनशन व धरने पर बैठे धरनार्थियों में भारी निराशा व सरकार के प्रति नाराजगी देखी गई।

बुधवार को केबिनेट की बैठक शुरू होने से पूर्ण होने तक जिला बनाओ आन्दोलन के धरना स्थल पर लोगों की भारी भीड़ लगी रही, टीवी स्क्रीन पर लोग टकटकी लगाए मालपुरा को जिला बनाने की घोषणा होने का इंतजार करते रहे। बैठक के बाद सामने आई बैठक की चर्चाओं में मालपुरा का नाम तक शामिल नहीं होने पर लोगों ने व्यास सर्किल पर कांग्रेस सरकार होश में आओ व जिला नहीं तो वोट नहीं की जमकर नारेबाजी की गई। कांग्रेसजनों ने भाजपा विधायक से असंतुष्ठों को साथ लेकर शुरू किये गये जनआन्दोलन को 182 दिन पूर्ण होने के बावजूद कांग्रेस सरकार के मुखिया गहलोत द्वारा भाजपा के कब्जे से कांग्रेस की परम्परागत मालपुरा सीट जीतने के प्रति कोई दिलचस्पी नहीं दिखाने से गहलोत की मालपुरा सीट व कांग्रेसजनों के प्रति दिखी बेरूखी से भाजपा खेमे में कांग्रेस नेताओं के प्रति गहरी नाराजगी देखी गई तो आमजन में भी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विरूद्ध खुलकर मतदान करने की चर्चाएं जोरों पर है।

जिला बनने से वंचित रहे मालपुरा की सरकार द्वारा अन्देखी करने के लिए विधानसभा क्षेत्र की जनता भाजपा से ज्यादा कांग्रेस को दोषी मान रही है। टिकट पाने के लिए दिल्ली से मालपुरा की दौड़ लगा रहे तीन दर्जन से अधिक कांग्रेस के नेताओं द्वारा मालपुरा को जिला बनाने के लिए एक बार भी प्रतिनिधि मण्डल के साथ मुख्यमंत्री से मिलकर दबाव बनाने का काम नहीं करने से जनमानस कांग्रेस के विरूद्ध मोर्चा खोलता नजर आ रहा है जिसका परिणाम कांग्रेस पार्टी को इस बार भी विधानसभा चुनावों में भुगतना पड़ सकता है।

## संविदाकर्मी ने आत्महत्या की

**धौलपुर, (निसं)।** धौलपुर शहर की गौशाला कॉलोनी में रहने वाले सीएमएचओ ऑफिस धौलपुर के संविदाकर्मी ने हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना मिलते ही निहालगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल धौलपुर की मोर्चरी में रखवाया। जानकारी के अनुसार संविदाकर्मी आलोक शर्मा (47) ने बुधवार दोपहर में हाथ की नश काटकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि मृतक आलोक का पत्नी से तलाक का केस चल रहा था। जिससे वह मानसिक अवसाद में चल रहा था। पिछले दो दिन से तो घर में घुसने के बाद उसे किसी ने बाहर आता हुआ नहीं देखा। लगातार दो दिन से दरवाजा ना खुलने पर नौकरानी भी लौट कर वापस घर जा रही थी। बुधवार दोपहर को मृतक के घर काम करने आने वाली नौकरानी ने परिजनों को दरवाजा ना खोलने की जानकारी दी। इसके बाद जब परिजनों ने दरवाजा खोल कर देखा तो संविदा कर्मी आलोक शर्मा बाथरूम में पड़ा हुआ मिला। जिसके कमरे में हाथ की नस काटने से खून बिखरा पड़ा था। जिसके बाद परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने घटना को लेकर मर्ग दर्ज कर ली है और जांच की जा रही है।

# अस्पताल के बाहर ढाबे पर एक घंटे तड़पती रही प्रसूता

**महाजन, (निसं)।** एक तरफ गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए केंद्र व राज्य सरकार विभिन्न योजनाएं चलाकर राहत देने का प्रयास कर रही है। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र के अस्पतालों में स्टाफ की मनमानी व अनदेखी के कारण प्रसूताओं को पीड़ा भोगनी पड़ रही है। कुछ ऐसा ही मामला रविवार रात को अरजनसर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आया। यहां नर्सिंग स्टाफ की संवेदनहीनता के चलते एक प्रसूता एक घंटे तक अस्पताल के बाहर एक ढाबे पर प्रसव वेदना झेलती रही। आखिर कुछ जागरूक लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर प्रसूता को महाजन अस्पताल में भर्ती करवाया।

- **अरजनसर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नर्सिंग स्टाफ ने प्रसूता में खून की कमी बताते हुए रेफर कार्ड बनाकर महाजन या राजियासर जाने का कह दिया था**
- **जागरूक लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाकर प्रसूता को महाजन अस्पताल में भर्ती कराया**

जानकारी के अनुसार अरजनसर निवासी ममता बावरी को प्रसव पीड़ा होने पर उसकी मां मुकेश देवी रविवार शाम करीब सात बजे अपनी बेटी को लेकर अरजनसर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंची।

अस्पताल में करीब डेढ़-दो घंटे बाद नर्सिंग स्टाफ ने प्रसूता में खून की कमी बताते हुए रेफर कार्ड बनाकर महाजन या राजियासर जाने का कहकर पल्ला झाड़ लिया, लेकिन इस गरीब परिवार की मां-बेटी के पास एक पैसा भी नहीं था। अस्पताल प्रशासन ने प्रसूता के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था करवाना भी उचित नहीं समझा, जिससे प्रसूता अपनी मां के साथ एक घंटे तक अस्पताल के बाहर एक ढाबे पर प्रसव वेदना झेलती पड़ी रही। आखिर कस्बे के कुछ जागरूक लोगों ने महाजन से 108 एंबुलेंस को मंगवाकर प्रसूता को महाजन अस्पताल में भर्ती करवाया।

जिस प्रसूता में खून की कमी बताकर प्रसव अरजनसर अस्पताल में नहीं करवाया गया। उस प्रसूता का महाजन अस्पताल में भर्ती करवाते ही कुछ ही मिनटों में नर्सिंग स्टाफ ने सुरक्षित प्रसव करवाया। नर्सिंग स्टाफ ने बताया कि जच्चा व बच्चा दोनों पूर्ण रूप से स्वस्थ है। यहां एएनएम सुनीता ने प्रसूता व उसकी मां के लिए रात को नाश्ते की व्यवस्था अपने स्तर पर करवाई।

डॉ. गणेश जीनगर, प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरजनसर का कहना है कि प्रसूता में खून की कमी थी। साथ ही हमारे पास जांच आदि की व्यवस्था नहीं है। इस कारण अरजनसर अस्पताल में प्रसव नहीं करवाया गया।

## हमले का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर, (निसं)।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने फायरिंग कर जानलेवा हमला करने के मामले में आरोपी अमित उर्फ टेडा निवासी ष्याम नगर को गिरफ्तार किया है।

फिलहाल पुलिस मामले क अनुसंधान में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना मथुरा गेट क्षेत्र में जघीना गेट पर सिगरेट पीने को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद एक युवक ने सरस बूथ संचालक पर फायर कर दिया था। बूथ संचालक इस हमले में बाल बाल बचा। इस घटना के संबंध में पुष्कर सिंह ने थानामथुरा गेट पर अमित टेडा, सोनू गडरिया और एक अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी। एएसआई मुकेश कुमार ने मामले का अनुसंधान कर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी अमित उर्फ टेडा को गिरफ्तार किया है।

# रंजिश में युवक को गोली मारी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** वार्ड नम्बर 32 की तीन पुलिया के पास मंगलवार देर शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र बिश्नोई और पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई सहित सदर थाना और कोतवाली थाना अधिकारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर गवर्नमेंट हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया, जहां परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से बुधवार को मृतक का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार युवक हेतराम मीणा (26) पुत्र बालू राम मीणा निवासी चैनपुर बरिया थाना गुडगांव हाल निवासी तीन पुलिया के पास गंगापुर सिटी की आपसी रंजिश के चलते गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस उपाधीक्षक बाबूलाल बिश्नोई ने बताया मृतक का परिवार 15 वर्ष पूर्व करई गांव थाना

- **15 साल पहले मारपीट कर गांव से निकाला था**
- **बहन के घर रह रहा था परिवार**

मामचारी में रहता था, जहां इनका 2008 में आपसी झगडा हुआ था, जिसकी चलते दोनों ही परिवारों में लंबे समय से रंजिश चली आ रही थी और आरोपियों ने युवक हेतराम की मंगलवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की धर पकड के लिए टीम का गठन किया गया है। इस संबंध में मृतक के भाई चेतराम मीणा पुत्र बालू राम ने थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है कि वह हेतराम, मौसमी व उसके पिता बालूराम व अपने बच्चा (छोटा सा) अपनी बहन के घर पर तीन महीने से रह रहे है और अचानक ग्राम करई पोस्ट बहादरपुर जिला करौली व उनके साथ दो लोग और भी थे, घर पर आए और इन लोगों ने घर में सरिया लाठी-डंडों और धारदार हथियारों के अलावा फायरिंग कर दी। इन लोगों ने गोली चलाई तो पहली गोली मेरे उपर चलाई तो में अचानक गिर गया तो गोली साइड से निकल गई और दूसरी गोली मेरे भाई हेतराम की छाती पर लग गई, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। चेतराम ने बताया कि उन्हें 2008-09 से अपने गांव करई से निकाल दिया गया है। इस दौरान इन लोगों ने जमीन पर तोड-फोडकर दिया साथ ही मां का जेवर भी उन लोगों ने निकाल लिया। इसके बाद से 10-15 साल से चैनपुर बढयिा करौली में रहते थे। अब अपनी बहन सुनीता पत्नी राधेश्याम के मकान मां भगवती नगर महुकलां खुर्द में तीन महीने से रहते आ रहे हैं।

# ऋषि पंचमी पर शाही स्नान के साथ देवछठ मेला शुरू



महिलाओं और बालिकाओं ने तीर्थराज मचकुंड में स्नान करने के बाद विशेष पूजा-अर्चना की।

**धौलपुर, (निसं)।** तीर्थराज मचकुंड धौलपुर पर प्रतिवर्ष देवछठ के मौके पर लगने वाले लक्खी मेले की शुरुआत ऋषि पंचमी पर शाही स्नान के साथ हुई। सभी तीर्थों का भांजा कहे जाने वाले मचकुंड सरोवर पर ग्वालियर, मुरैना, अयोध्या, वृन्दावन, मथुरा और अन्य जिलों से आए हुए संतों के शाही स्नान के बाद ही श्रद्धालुओं ने सरोवर में डुबकी लगाई। ऋषि पंचमी पर बुधवार सुबह महिलाओं और बालिकाओं ने तीर्थराज मचकुंड में स्नान करने के बाद विशेष पूजा-अर्चना की। जिसके बाद सप्त ऋषि की कथा सुनकर महिलाओं ने दान दक्षिणा करके लोगों को भोजन कराया।

ऋषि पंचमी से देवछठ तक चलने वाले इस मेले की शुरुआत करते हुए ग्वालियर, मुरैना, अयोध्या, वृन्दावन, मथुरा और अन्य जिलों से आए हुए संतों की सवारियां बैंड-बाजों के साथ मंगल भारती मंदिर से शुरू होकर मचकुंड सरोवर पहुंची। जहां संतों सरोवर में शाही स्नान किया। शाही स्नान के बाद संतों ने तीर्थराज मचकुण्ड की पूजा-अर्चना कर दो दिन तक चलने वाले तीर्थराज मचकुंड मेला का शुभारंभ किया। ऐतिहासिक तीर्थराज मचकुंड मेले में उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश और राजस्थान के आस-पास के क्षेत्रों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में सरोवर में डुबकी लगाने पहुंचते हैं। मचकुंड महाराज को सभी तीर्थों का भांजा कहा जाता है। सरोवर में देवछठ वाले दिन स्नान करने से पुण्य लाभ मिलता है।

# जलग्रहण योजना में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार नहीं बने कुण्ड

## दो साल की गांरटी अवधि भी पूरी नहीं कर पाये कुण्ड

**सुजानगढ़, (निसं)।** बाघसरा आथूणा ग्राम पंचायत के अंतर्गत गांव तेलाप में जलग्रहण योजना के तहत बने कुंडों में जमकर हेराफेरी की गई है। हेराफेरी व मनमर्जी सरकारी कार्यों में ठेकेदारों व अधिकारियों द्वारा इतनी की गयी है कि कुण्ड अपने दो साल की गांरटी अवधि भी पूरी नहीं कर पाये। प्रत्येक कुण्ड के लिए तीन लाख रूपए सरकार द्वारा स्वीकृत किये गये है। पंचायत में 9 कुण्ड बनाये गये है। जिनकी दशा दयनीय है। तेलाप की भेमबस्ती में सामुदायिक भवन के निकट कुण्ड का निर्माण विभागीय मापदण्डों के अनुरूप नहीं किया गया है। कुण्ड के चारों और कार्यकारी फर्म द्वारा पक्का पायतान भी नहीं बनाया गया है। इसी प्रकार श्याम गौशाला में बनायी गयी कुण्ड भी बनने के बाद टूट गयी।

गांव के भंवरराम ज्याणी ने बताया कि निर्माण कार्य के बाद कुण्ड टूट गयी थी। जिसे रात के अंधेरे में ठेकेदार द्वार पुनः सही करने का प्रयास किया गया था। लेकिन खेत पड़ोसी द्वारा विरोध करने पर ठेकेदार के आदमी वहां से भाग गये। जिसके बाद कुण्ड को दिन के समय में सही किया गया। भंवरराम



तेलाप गांव में निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप कुण्ड नहीं बनाये गये।

ने बताया कि कुण्ड को सही करने के बाद कुण्ड में पानी टिका हुआ है। जबकि कुण्ड के उपर खूब दरारें आ गयी है। इसी प्रकार 33 केवी में बनायी गयी कुण्ड का पायतन भी जर्जर अवस्था में मिला। गोपी सिंह ने बताया कि 6 महीनें पहले इसका निर्माण हुआ था। जो बनने के बाद धंस गया। विभाग के अधिकारियों के आने के बाद इन्हें

- **प्रत्येक कुण्ड के लिए तीन लाख रूपए सरकार द्वारा स्वीकृत किये हैं**

रिपेयर किया गया। वार्ड 11 के पंच विनोद कुमार ने बताया कि जब उन्होनें कुण्डों का मुद्दा ग्राम सभा में उठाया तो उनकी मांग को अनसुना कर दिया गया। पंच विनोद कुमार ने उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

**इस योजना के तहत हुआ है कुण्डों का निर्माण :-** पंच वर्षीय योजना के तहत ग्राम पंचायत बाघसरा आथूणा में साढे 12 करोड रूपए खर्च होने है। जिन कार्यो के लिए ग्राम पंचायत में जलग्रहण समिति बनायी गयी है। समिति की अनुशंसा पर पंचायत में निर्माण कार्य होते है। पीएमकेवाई व राजीव गांधी जलग्रहण योजना के तहत गांव में सार्वजनिक व व्यक्तिगत कुण्ड व डिग्गी का निर्माण कार्य होता है। इन कार्यो का भुगतान समिति के अध्यक्ष व सचिव की रिपोर्ट के बाद अधिकारी मौका देखकर करते है।